# कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा (छ०ग०) 494449
**College Code-2501**

***Website:*** *- www.pgcollegedantewada.ac.in* ***Email–****govt.dpgc.dantewada@gmail.com*

क्रमांक / 455 / छात्रवृत्ति / 2025–26 दन्तेवाड़ा, दिनाँक 01 / 08 / 2025

## *पोस्ट मैट्रिक ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन की नवीनीकरण : 2025–26 हेतु*

### *सूचनाः–*

शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आदिम जाति विभाग द्वारा पोस्ट मैट्रिक ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन : 2025–26 के लिए नवीनीकरण वाले आवेदन की प्रकिया प्रारंभ किया जा चुका है। *नवीनीकरण के लिए पात्र छात्र–छात्राएँ ( स्नातक / स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर, स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, जिनका छात्रवृत्ति आईडी एवं ओटीआर पहले बन चुका है।)* दिनांक 31 / 08 / 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर, समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन की हार्ड कॉपि छात्रवृत्ति नोडल / सहायक नोडल अधिकारी से वेरिफाई कराकर महाविद्यालय में **कक्ष कमांक–16** में जमा करें।

आवेदन जमा करते समय समस्त दस्तावेजों की ओरिजनल कॉपि साथ लेकर आवे, ताकि दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया जा सकें। बिना वेरिफिकेशन के आवेदन जमा नहीं लिया जावेगा।

Siddhart 01/08/25

छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी
शास0दन्तेश्वरी स्नाताकोत्तर,
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

प्राचार्य,
शास0दन्तेश्वरी स्नाताकोत्तर
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

प्राचार्य
शास. दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दन्तेवाडा (छ.ग.)

आवेदन करने हेतु दिशा निर्देशः–

**आवेदक यह निश्चित कर ले किः–**

(1) समस्त दस्तावेजों (अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति–निवास–आय प्रमाण पत्र आदि) में आवेदक का नाम, माता–पिता का नाम, जन्मतिथि समान हो।

(2) आवेदक के बैंक खाते में आधार सीडींग द्वारा भुगतान की सुविधा प्रारंभ किया जा चुका हो।

(3) आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नं0 एवं एक्टिव इमेल आई डी स्वयं के पास उपलब्ध हो।

(4) मोबाइल नं0 एवं ईमेल आई डी किसी अन्य विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति के पंजीयन हेतु उपयोग न किया गया हो।

(5) आवेदक द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गए समस्त दस्तावेज सही हो, दस्तावेजों से किसी प्रकार की छेड़–छाड़ न किया गया हो एवं फर्जी न हो। दस्तावेज फर्जी पाए जाने पर संबंधित छात्र–छात्राओं पर पुलिस में एफ0 आई0 आर0 किया जावेगा, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

(6) बैंक खाते से नियमित लेन–देन हो रहा हो, खाता बंद न हो गया हो।

(7) आवेदक अपना मोबाइल नं0 एवं इमेल आई डी न बदले, बदलने पर छात्रवृत्ति आवेदन करने में समस्या होगी, कई बार आवेदन कर पाना भी सम्भव नहीं हो पाता है।

कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
दन्तेवाड़ा, जिला दन्तेवाड़ा (छ०ग०) 494449
College Code-2501

**Website:** - www.pgcollegedantewada.ac.in **Email**-govt.dpgc.dantewada@gmail.com

# आवेदन की प्रकिया:–

(1) सर्व प्रथम आवेदक नेशनल स्कालरशिप पोर्टल की बेवसाइट ( https://scholarships.gov.in ) में ओ टी आर का निर्माण करें, जिसमें एक यूनिक ओटीआर नं0 प्राप्त होगा। इस ओटीआर नं0 को छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया करते समय उपयोग करना है। ओ टी आर बनाने की प्रकिया पूर्व में ही सभी कक्षा के ग्रुप में डाला जा चुका है।

(2) इसके बाद छत्तीसगढ़ पोस्ट मैट्रिक स्कालरशिप पोर्टल :–

( https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/LoginPage.aspx ) में आवेदक अपना पंजीयन करेंगे, जिसमें छात्रवृत्ति आवेदन करने हेतु एक आई डी एवं पासवर्ड का निर्माण करना है। इस आई डी एवं पासवर्ड को आवेदक सम्भालकर रखेंगे, प्रतिवर्ष इसी आई डी / पासवर्ड से ही पुनः आवेदन करना है, दुबारा आई डी / पासवर्ड का निर्माण नहीं होगा।

(3) जिन आवेदकों का पहले 10वीं कक्षा के बाद किसी भी कक्षा या पाठ्यक्रम में आई डी/ पासवर्ड बन चुका है, उन्हें दुबारा नहीं बनाना है, उसी आई डी/ पासवर्ड से छात्रवृत्ति का ऑनलाइन आवेदन करना है।

(4) चूकि महाविद्यालय में न्यू एजूकेशन पॉलिसी के अनुसार नवीन पैर्टन के पाठ्यक्रम लागू हो चुका है। अतः स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं के छात्र–छात्राएं 4 वर्षीय पाठ्यक्रम का चयन करेंगे। प्रथम सेमेस्टर के आवेदक द्वारा यदि 03 वर्षीय पाठ्यक्रम का चयन किया जाता है तो छात्रवृत्ति आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। शेष सभी कक्षाओं के आवेदक पहले की भॉति 03 वर्षीय पाठ्यक्रम का चयन करेंगे।

(5) आवेदन को लॉक करने के पश्चात् समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन का प्रिंटआउट छात्रवृत्ति प्रभारी के पास जमा करेंगे। आवेदन का एक प्रिंटआउट आवेदक अपने पास सम्भालकर रखेंगें ।

(6) आवेदन जमा करते समय आवेदन के साथ प्रस्तुत किए गए समस्त दस्तावेजों की मूलप्रति (ओरिजनल प्रति) से आवेदन को छात्रवृत्ति प्रभारी से वेरिफाई करावें। आवेदन वेरिफाई न कराने पर छात्रवृत्ति स्वीकृत नहीं किया जावेगा।

Siddharth 01/08/25

छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी
शास0दन्तेश्वरी स्नाताकोत्तर,
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

प्राचार्य,
शास0दन्तेश्वरी स्नाताकोत्तर
महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

प्राचार्य
शास. दन्तेश्वरी स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दन्तेवाडा (छ.ग.)